उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–3060/24

दिनांक 07-05-24

सेवा में,

प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष,
समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

विषय–परीक्षा के कक्ष निरीक्षकों हेतु आगामी होने वाली परीक्षा जून–2024 के लिए अत्यन्त आवश्यक दिशा–निर्देश।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि नवम्बर–2023 की परीक्षा में ऐसी कई उत्तरपुस्तिकाएं पायी गयी हैं। जिनके O.M.R. Sheet पूर्ण रूप से दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन किये बिना छात्र / छात्राओं द्वारा भरी गई हैं। जिसका कक्ष निरीक्षकों द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। जिस कारण उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है एवं परीक्षाफल घोषित करने में देरी हुई है।

अतः समस्त नर्सिंग / पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों को आगामी परीक्षा **जून–2024** हेतु निर्देशित किया जाता है कि अपने संस्थानों में परीक्षा कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित करें कि उत्तरपुस्तिकाओं की O.M.R. Sheet भरने से पूर्व समस्त दिये गये दिशा–निर्देशों को पढ़कर / समझकर पूर्ण रूप से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। गलत / अपूर्ण O.M.R. Sheet होने पर उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराना सम्भव नहीं होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं प्रशिक्षण संस्थानों की होगी।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।